Title: Need to take concrete steps to meet drought situation in the country.

श्री रामजीलाल सुमन (फिरोजाबाद) : उपाध्यक्ष महोदय, मौसम विभाग ने देश को चेतावनी देते हुये आगाह किया है कि इस र्वा अकाल पड़ने की सम्भावना है। गत र्वा देश के 14 राज्यों की सूखे की स्थिति ने विशो रूप से किसान की कमर तोड़ कर रख दी है। अगर मौसम विभाग की भवियवाणी सही हो गई तो देश का किसान गहन संकट का शिकार हो जायेगा। देश में कृि चौपट हुई तो न उद्योग चल पायेंगे और न सेवा क्षेत्र से लोग पेट भर पायेंगे। इसलिये मौसम विभाग की चेतावनी को गम्भीरता से लेने की आवश्यकता है। मौसम विभाग ने कम र्वा होने का संकेत भी किया है, असमय र्वा होने की सम्भावना भी बतायी है। समय रहते यदि हम उपाय कर सकें तो कम र्वा और असमय र्वा के कुप्रभावों से देश को बचाया जा सकता है। अत: मेरा सरकार से आग्रह है कि मानसून की र्वा शुरु होने से पहले व्यापक स्तर पर जल संचय की व्यवस्था स्थानीय स्तर पर करायी जाये, आम आदमी को प्रेरित किया जाये और सरकार उसमें सहयोग को तैयार रहे तो जल के अभाव को एक सीमा तक दूर किया जा सकता है। साथ ही देश के किसान को खाद, बीज आदि के लिये समय पर ऋण की सुविधा उपलब्ध कराने के लिये विशो उपाय किये जाये ताकि जैसे ही किसान जमीन जोतने, बोने की आवश्यकता समझे, वह अपने काम को कर सके। अत: सरकार विशोकर कृि विभाग और वित्त विभाग व जल संसाधन विकास विभाग त्वरित सक्रिय करे और देश के किसान की सहायता के लिये आगे आये।